तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 14.0 डिग्री

हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, शुक्रवार 6 फरवरी 2026

11 जिले में राजकीय वृक्ष पर अस्तित्व का खतरा...



12 मध्य प्रदेश की कला और बस्तर के हुनर पर भारी पड़...





## समस्या : हर माह समय पर पेंशन मिलने से दवा आसानी खरीद लेते थे अब हो रही परेशानी

# तीन माह से नहीं बंटी वृद्धा पेंशन, हजारों बुजुर्ग रोज लगा रहे कार्यालय का चक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

बुढ़ापे का सहारा वृद्धा पेंशन 03 माह से नहीं मिलने के कारण गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के हजारों बुजुर्ग बेहद परेशान हो गए हैं और कई लोगों का जीवन सिर्फ इसी पैसे के सहारे चलता है ऐसे लोगों का जीवन स्तर बेहद प्रभावित हो रहा है साथ ही पेंशन मिलने की आस में बैंकों, जनपद कार्यालय, पंचायत कार्यालय का लगातार चक्कर लगा रहे हैं लेकिन हर बार उन्हे निराश होकर घर लौटना पड़ रहा है। जानकारी लेने पर समाज कल्याण विभाग गरियाबंद के उपसंचालक डीपी ठाकुर ने बताया की पूरे गरियाबंद जिले में वृद्धा पेंशन योजना के कुल हितग्राही 24 हजार 507, विधवा पेंशन योजना के 9034 एवं दिव्यांग पेंशन योजना के 870 को मिलाकर कुल 34 हजार 411 हितग्राहियों को नवम्बर, दिसम्बर एवं जनवरी 2026 तीन माह का पेंशन राशि नहीं मिल पाया है। उन्होने बताया आगे से आबंटन ही नहीं आया है जबकि पूरी जानकारी भेजी जा चुकी है। इंदिरा गांधी वृद्धा पेंशन योजना के तहत 60 वर्ष से ऊपर के हितग्राही को प्रतिमाह 500 रूपये एवं 80 वर्ष के ऊपर हितग्राही को 650 रूपये, विधवा पेंशन 500 रूपये एवं दिव्यांग पेंशन 500 रूपये दिया जाता है जो अभी तक हितग्राहियों को नहीं मिल पाया है। वहीं दूसरी ओर राज्य स्तर का पेंशन समाजिक, सुखद, मुख्यमंत्री पेंशन योजना की राशि हर माह मिल रहा है।






### जिला स्तर पर दी है जानकारी

पंचायत इस्पेक्टर राजकुमार ध्रुवा ने बताया कि आगे से ही पेंशन नहीं आई है पूरी जानकारी जिला स्तर में भेजा जा चुका है। उन्होने बताया की जनपद तक ग्रामीण पेंशन की राशि की मांग करने आ रहे है।

### आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा

मैनपुर जनपद पंचायत से मिली जानकारी के अनुसार मैनपुर विकासखण्ड में वृद्धा पेंशन 7 हजार 822, विधवा पेंशन 2300 एवं दिव्यांग पेंशन 375 हितग्राहियों को वितरण किया जाता है लेकिन नवम्बर, दिसम्बर एवं जनवरी तीन माह का पेंशन नहीं मिलने से हितग्राही बुजुर्ग बेहद परेशान हो गए हैं। बुजुर्गों को तीन माह से वृद्धा पेंशन न मिलना एक गंभीर समस्या है जिससे उन्हे आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ रहा है कई वृद्धों को जिन्हे परिवार के सदस्यों का सहारा नहीं मिल रहा है वे दर -दर की ठोकरे खा रहे हैं। शासन एक ओर पेंशन राशि के माध्यम से वृद्धो को सहायता देने का दावा तो कर रही है लेकिन वास्तविक स्थिति कुछ और ही दिख रही है हजारों हितग्राहियों को तीन माह से पेंशन नहीं मिला है।

### जल्द भुगतान करने की मांग

70 वर्षीय डुमरबाई ने बताया की 03 माह से पेंशन के लिए चक्कर लगा रहे है लेकिन पेंशन नहीं मिलने से भारी परेशानी हो रही है। उन्होने बताया की पहले आसानी से पेंशन मिलता था अब परेशानी हो रही है। दशरी बाई, मंगलीबाई, राधाबाई, देवकी बाई, जयंतीन बाई, तुलसी बाई ने बताया की पिछले तीन माह से वृद्धा पेंशन नहीं मिलने से जीविकापार्जन करने में भारी परेशानी हो रही है लगातार हर माह पंचायत और जनपद का चक्कर लगा रहे हैं अब मिलेगा तब मिलेगा कहा जा रहा है लेकिन नहीं मिल पा रही है। वहीं दूसरी ओर दिव्यांग पेंशन वाले भी अपना परेशानी बताते हुए पेंशन जल्द भुगतान करने की मांग किया है। बुजुर्ग रतीराम ने कहा की हम वनांचल क्षेत्र के गरीब लोगों के लिए 500 रुपए वृद्धा पेंशन पर्याप्त है हर माह समय पर पेंशन मिलने से दवा पानी आसानी खरीद लेते है लेकिन पिछले तीन माह से पेंशन नहीं मिला है जिसके कारण परेशानी हो रही है।

## खबर संक्षेप



### हथियार दिखाकर डराने पर बदमाश जेल दाखिल

**अभनपुर।** ग्राम मानिकचौरी में चाकू लहराकर आमजन को भयभीत करने वाले एक बदमाश अर्जुन पाटले पिता स्व. अजन पाटले, उम्र 29 वर्ष को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट की धारा 25 एवं 27 के तहत कार्रवाई की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 5 फरवरी को थाना अभनपुर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम मानिकचौरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पास अर्जुन पाटले नामक युवक एक लोहे का बकरा काटने का कत्तानुमा हथियार लेकर सडक़ पर आने-जाने वाले लोगों को डरा-धमका रहा है, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। सूचना मिलने पर पुलिस मानिकचौरी-दादरझोरी रोड स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पास दबिश दी। मौके पर आरोपी हथियार लहराते हुए लोगों को भयभीत करता पाया गया। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को मौके से पकड़ लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से एक लोहे का कत्तानुमा हथियार बरामद कर आर्म एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

### किसानों को वितरित किए बैटरी चालित स्प्रेयर



**मुड़ागांव (कोरासी)।** कृषि विभाग के प्रांगण में जनपद सदस्य इंजी पंकज निर्मलकर द्वारा अपने जनपद क्षेत्र के किसानों को जिला खनिज न्यास योजनांतर्गत आधुनिक कृषि सुविधा बैटरी चालित स्प्रेयर का वितरण किया गया। इस पहल से किसानों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। स्प्रेयर प्राप्त कर किसानों के चेहरों पर खुशी झलक उठी, वहीं उनकी मेहनत को सम्मान देने वाला यह क्षण सभी के लिए सुखद रहा। इस अवसर पर ग्रामसेवक सनत दीवान, युवा भाजपा नेता सुजल कोठारी सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी, किसान साथी एवं कृषि मित्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान किसानों को आधुनिक कृषि उपकरणों के उपयोग से खेती को अधिक सरल और प्रभावी बनाने की जानकारी भी दी गई।

### पीएम के नेतृत्व में हुई ट्रेड डील, वैश्विक आर्थिक शक्ति की ओर भारत : अरेन्द्र

**फिंगेश्वर।** यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त और दूरदर्शी नेतृत्व में भारत और अमेरिका के बीच सम्पन्न हुई ऐतिहासिक ट्रेड डील का छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के गरियाबंद जिला प्रमुख अरेन्द्र पहाड़िया ने स्वागत करते हुए कहा कि अमृत काल में सम्पन्न यह ट्रेड डील एक ऐसे अमृत कलश के समान है, जिससे समृद्धि की सरिता प्रवाहित होगी और विकसित भारत 2047 के विराट विकास-संकल्प को नई ऊर्जा मिलेगी। यह डील भारत की बढ़ती वैश्विक आर्थिक प्रतिष्ठा और नेतृत्व क्षमता का सशक्त प्रमाण है। सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच फोन पर ट्रेड डील पर बातचीत हुई। जिला अध्यक्ष अरेन्द्र पहाड़िया ने कहा कि अमेरिका द्वारा मेड इन इंडिया उत्पादों पर टैरिफ को 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत किया जाना भारतीय उद्योगों के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। इससे भारतीय उत्पाद अमेरिकी बाजार में अधिक प्रतिस्पर्धी होंगे और उनकी मांग में उल्लेखनीय ▶▶| शेष पेज 10 पर



## 7 फीट लंबी जटाओं वाली रामकली बनीं आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम कुम्भ कल्प मेले में इस बार श्रद्धा और आस्था के बीच लोकजिज्ञासा और कौतूहल का अनोखा दृश्य भी देखने को मिल रहा है। बुजुर्ग रामकली की लट 7 फीट की है जो मेले में लोगों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनी हुई है। बताया जाता है कि ये महिला जगन्नाथपुरी साइड की निवासी है जो 40 साल पहले बेलटुकरी गांव पहुंची। वहां वे एक छपरी में रहने लगी। गांव के सरपंच पुराणिक साहू ने बताया कि रामकली को वे मां के रूप में पाकर अपने घर ले आए और उनकी रोज सेवा सुश्रुवा करते है। यहां तक कि उनके रहने के लिए अपने खलिहान में घर बना दिया है अब वह वहीं रहती है। बताया कि जब वे छपरी में रहती थी तो उन्हें देखकर मन में करूणा का भाव आया और वे सेवा करने को तत्पर हो गए। उनके दोनों आंख का ऑपरेशन भी उन्होने



कराया। ईधर रामकली अभी श्री राजीव लोचन मंदिर में नजर आ रही है। उन्हें देखने और उनके बारे में जानने के लिए श्रद्धालुओं और दर्शकों की भीड़ जुट रही है। लोग आश्चर्य और श्रद्धा के भाव से इस अनूठे दृश्य को देखते हुए इसे आस्था और परंपरा से जोड़कर देख रहे हैं। रामकली की देखरेख और सेवा में बिलटुकरी गांव के सरपंच स्वयं जुटे हुए हैं। सरपंच द्वारा की जा रही सेवा और व्यवस्थाओं की भी स्थानीय लोग सराहना कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह केवल एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि पूरे गांव की आस्था और जिम्मेदारी का प्रतीक है। मेले में आए श्रद्धालुओं का कहना है कि ऐसे लोकआस्था से जुड़े दृश्य राजिम कुम्भ कल्प मेले को विशिष्ट पहचान देते हैं। यह मेला केवल धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं, बल्कि ग्रामीण संस्कृति, लोकविश्वास और जनजीवन की विविध झलक भी प्रस्तुत करता है। राजिम कुम्भ कल्प मेला इस तरह के लोकआकर्षणों के चलते श्रद्धालुओं के लिए आस्था के साथ-साथ अनुभवों का संगम बनता जा रहा है।

## सोनकर समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह व भूमिपूजन 8 फरवरी को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

छत्तीसगढ़ सोनकर समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह एवं भूमिपूजन 8 फरवरी रविवार को शहर के श्री राम जानकी मंदिर परिसर में होने जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू होंगे। अतिविशेष अतिथि के रूप में राजिम विधायक





रोहित साहू को आमंत्रित किया गया है। समारोह की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ सोनकर समाज के अध्यक्ष शारदा प्रसाद सोनकर करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, सामाजिक दानदाता संतुलाल सोनकर, पार्षद निर्मला-धीरज साहू, सभापति सचिन सचदेव, पार्षद भारत सोनकर, समाज के महामंत्री चेतन सोनकर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जितेंद्र सोनकर, कोषाध्यक्ष रमेश सोनकर, कनिष्ठ उपाध्यक्ष सियाराम सोनकर ,अनिल सोनकर, मनोज सोनकर, अंकेक्षक अखिलेश सोनकर, उपमंत्री भागवत इंदौरिया, शिक्षा विकास समिति के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. दाऊलाल इंदौरिया मौजूद ▶▶| शेष पेज 10 पर

## सफाई व संक्रमण नियंत्रण में अभनपुर राज्य में प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

स्पेशलिटी क्लिनिक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अभनपुर ने स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं संक्रमण नियंत्रण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हुए कायाकल्प आयुष राज्य स्तरीय प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर अभनपुर को गौरवान्वित किया है। 4 फरवरी को रायपुर स्थित बेबीलोन कैपिटल में आयोजित कायाकल्प आयुष 2024 राज्य स्तरीय पुरस्कार



वितरण समारोह में यह सम्मान छग स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के करकमलों से प्रदान किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य सचिव कटारिया, आयुष डायरेक्टर, संयुक्त ▶▶| शेष पेज 10 पर

## रामजानकी मानस मंदिर में मानस परायण महायज्ञ आज से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

श्री मन्मानस प्रचार यज्ञ समिति द्वारा वर्षों से चली आ रही परंपरा को आगे बढाते हुए 73 वें वर्ष भी मानस परायण महायज्ञ का आयोजन दिव्यता एवं भव्यता के साथ 6 फरवरी से 15 फरवरी तक होने जा रहा है नगर के हृदय स्थल पर स्थित रामजानकी मानस मंदिर में आयोजित इस कार्यक्रम के लिए मंदिर की रंगाई पुताई के साथ लाईट माईक पंडाल नये ध्वजा के साथ नई साज सज्जा की गई है। 6 फरवरी से प्रारंभ इस दिव्य आयोजन में प्रथम



दिवस कलश यात्रा के साथ देवी देवताओं का आहावन किया। कलश यात्रा में महिला मानस मंडली एवं महिला समाज के सदस्यों द्वारा निकाला जायेगा मानस परायण में प्रतिदिन प्रातः 6 बजे से भजन कीर्तन के साथ भक्तों के द्वारा परिक्रमा की जाती है पश्चात स्वस्ति वाचन के साथ पूजा प्रारंभ होगी उपाचार्य के द्वारा मानस की चौपाई के साथ पाठकगणों एवं विप्रगणों के साथ आहुति दी जायेगी प्रतिदिन मध्यान आरती के पश्चात 2:30 बजे से मानस मर्मज्ञ द्वारा कथा प्रवचन किया जायेगा इस बार 7 फरवरी को देवी जया गौतम जी पिथौरा वाले के द्वारा एवं 8 फरवरी से बृजवासी नेहा पाण्डेय जी फुटकापुर रायगढ वाले के द्वारा रामकथा मानस प्रवचन मानस मंदिर में होगा प्रतिदिन संध्या 7 से 8 बजे झांकी बधैया के साथ संध्या महाआरती होगी। इस आयोजन के संरक्षक गोवर्धन शरण महराज सिरकट्टी आश्रम हैं आयोजन की तैयारी में अध्यक्ष ओंकार शाह द्वारा यज्ञ व्यवस्था के लिए जिम्मेदारी ▶▶| शेष पेज 10 पर

### विधायक बोले क्या अब स्कूल भवन के लिए भी कमीशन देना होगा?

## रूवाड़ में चंदे के टिन शेड के नीचे भविष्य गढ़ रहे बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

सरकार जहां शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताने के दावे कर रही है, वहीं अंचल के ग्राम रूवाड़ की तस्वीर इन दावों पर करारा तमाचा है। यहां बच्चे न तो पक्के स्कूल भवन में पढ़ पा रहे हैं, न ही सुरक्षित माहौल में। भीषण गर्मी, कड़ाके की ठंड और बारिश के बीच बच्चे टीन के छप्पर के नीचे बैठकर पढ़ाई करने को मजबूर हैं, वह भी ऐसा छप्पर जो सरकार ने नहीं, बल्कि गांव के गरीब ग्रामीणों ने आपस में चंदा कर बनाया है। यह कोई अस्थायी संकट नहीं, बल्कि सालों से जारी सरकारी उदासीनता का नतीजा है। हैरानी की बात यह है कि ग्राम रूवाड़ में प्राथमिक से लेकर हायर सेकेंडरी तक की कक्षाएं संचालित होती हैं, लेकिन हाई स्कूल का आज तक अपना भवन ही नहीं है। जर्जर भवन, दो पालियां, जैसे-तैसे



पढ़ाई प्राथमिक शाला का भवन किसी तरह उपयोग लायक है, लेकिन पूर्व माध्यमिक विद्यालय का भवन पूरी तरह जर्जर हो चुका है। बच्चों की जान जोखिम में डालकर कक्षाएं अतिरिक्त कमरों में ठूंसी जा रही हैं। हाई स्कूल भवन के अभाव में स्कूल दो पालियों में चल रहा है, जिससे न पढ़ाई ढंग से हो पा रही है, न ही बच्चों का भविष्य सुरक्षित नजर आ रहा है।

**जर्जर भवनों में बैठकर पढ़ने को मजबूर-** रूवाड़ अकेला गांव नहीं है। अंचल के कई गांवों में स्कूल भवन केवल कागजों में मौजूद हैं। कहीं बच्चे पेड़ों के नीचे, तो कहीं जर्जर और खतरनाक भवनों में बैठकर पढ़ने को मजबूर हैं। सवाल यह है कि क्या यही है सरकार का शिक्षा मॉडल और सुशासन? मामले पर क्षेत्रीय विधायक जनक ध्रुव ने खुलकर सिस्टम पर सवाल उठाए। उन्होंने बताया कि स्कूल भवन की मांग को लेकर उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी, शिक्षा मंत्री और विधानसभा सदन तक में आवाज उठाई। शिक्षा मंत्री के हालिया मैनपुर दौरे के दौरान भी ग्रामवासियों ने लिखित आवेदन सौंपा, लेकिन नतीजा शून्य रहा। अब तो ऐसा लगता है कि बच्चों के स्कूल भवन के लिए भी परसेंट देकर मंजूरी लेनी पड़ेगी। यह बेहद शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण है।

## कलश यात्रा के साथ मानस सम्मेलन का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर से लगे ग्राम हरदीभाठा में शुक्रवार से श्रीराम चरित मानस सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। आज एक दिन पूर्व गुरूवार को पूरे ग्रामवासी विधिवत पूजा अर्चना कर भगवान श्रीराम की शोभायात्रा गाजे-बाजे के साथ निकाली। हजारों महिलाएं कलश लेकर चल रहे थे तो वहीं युवा और



बुजुर्ग भगवान श्रीराम की जय जयकारे लगा रहे थे जिससे पूरे क्षेत्र का माहौल धार्मिकमय हो गया। यह शोभायात्रा हरदीभाठा होते हुए मैनपुर नगर का भ्रमण कर कार्यक्रम स्थल तक पहुंची।

## खबर संक्षेप

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**महासमुंद।** ग्राम झलप में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल हो गए। पुलिस के अनुसार बरेकेल निवासी देवेंद्र कुमार टंडन 2 फरवरी को मेषकुमार टंडन के साथ उसकी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जी 0420 से झलप से वापस घर ग्राम बरेकेल जा रहे थे कि शाम करीबन 4 बजे एनएच 53 सर्विस रोड एटीएम के पास ग्राम झलप पहुंचे तभी पीछे से आ रहे अज्ञात मोटर सायकल के चालक द्वारा अपने वाहन को तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर उनकी बाइक को पीछे से ठोकर मारकर कर भाग निकला। एक्सीडेंट से प्रार्थी को दाहिने पैर, कमर में तथा मोटर सायकल के पीछे बैठे मेषकुमार टंडन के सिर, नाक, कंधा में चोटें आई हैं। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### तालाब के पास जुआ फड़ में कार्रवाई, 12 लोगों के विरूद्ध जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** शहर के मौहारीभांठा स्थित टामकी तालाब के आसपास जुआ संचालित होने की सूचना पर पुलिस ने छापामार कार्रवाई करते हुए 12 लोगों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

पुलिस को सूचना मिली थी कि मौहारीभाठा टामकी तालाब के पास कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। इसके बाद बाद मौके पर पहुंचकर पुलिस ने रेड कार्यवाही कर घेराबंदी की। जहां से जलधर पिता बंधु सोनवानी (32 साल), गिरधारी पिता मदनलाल साहू, प्रियांशु पिता सोनेश्वर चंद्राकर, गोविंद पिता मन्नालाल निर्मलकर, नितेश पिता स्व. दिलीप चंद्राकर, मोहन पिता सुरजीत सिंग, भूपेंद्र पिता मदन साहू, प्रकाश पिता अशोक साहू, उदय पिता राजू सिन्हा, अजय पिता श्याम कहार जुआ खेलते रंगे हाथ पकड़ाए। वहीं दो अन्य के खिलाफ नाल निकालकर जुआ खिलाए जाने के संबंध में एफआईआर दर्ज की गई है। कार्रवाई के दौरान 10 आरोपी पकड़े गए, जिनके पास से नगद, मोबाइल वाहन आदि कुल कीमत 3,18,500 रुपए को बरामद की है।

### सूने घर का ताला तोड़कर चोरी

**महासमुंद।** पिथौरा में एक सूने घर में चोरी के मामले में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना की जा रही है। पिथौरा पुलिस को सुखचरण चतुर्वेदी ने बताया कि वह वार्ड क्र. 03 खेल मैदान के पीछे पिथौरा का रहने वाला है तथा जनपद पंचायत फिंगेश्वर में करारोपण अधिकारी है। वह 1 फरवरी को वह अपने परिवार के साथ आवश्यक कार्य के सिलसिले में घर में ताला बंद करके रायपुर गया था। 4 फरवरी को पड़ोसी ललिता चौधरी ने फोन करके चैनल गेट का ताला व घर के सभी कमरों के खुले होने की जानकारी दी। वापस आकर देखा तो र के सामने का चैनल गेट का कुंडी टूटा हुआ था, तब अंदर प्रवेश किया देखा, घर के सभी कमरे का दरवाजा खुला हुआ था। घर एवं आलमारी में रखे चार नग चांदी के पायल 18 तोला कीमत 10000, कांसा का थाली चार नग कीमत 1500, 3. पीतल का बर्तन एक नग कीमत 1500, पीतल का बर्तन पानी पीने का एक नग कीमत 1500, कांसे का लोटा एक नग कीमत 1300 रुपये और नगदी रकम 5000 रुपए कुल 20800 रुपए की चोरी किसी अज्ञात चोर ने चोरी कर ली। मामले की रिपोर्ट पर धारा 305(ए), 331(4) अपराध दर्ज किया गया है।

**प्रतियोगिता : प्रतियोगिता में जिले भर की 55 टीमों ने हिस्सा लिया**

# ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता बासीन टीम बनी चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

स्वामी विवेकानंद युवा संगठन जोगीडीपा द्वारा आयोजित ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य समापन और पुरस्कार वितरण समारोह गुरुवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी तिमिरेंद्रु शेखर सिंह कंवर (मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के दामाद) थे। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद सभी युवाओं के प्रेरणास्त्रोत हैं और उनके नाम पर चल रहा यह संगठन युवाओं को अनुशासन व राष्ट्र निर्माण की सीख दे रहा है। प्रतियोगिता में जिले भर की 55 टीमों ने हिस्सा लिया। कड़े मुकाबले के बाद बासीन की टीम चैंपियन बनी, जबकि तर्रा को उपविजेता (दूसरे स्थान) से संतोष करना पड़ा। विजेता (बासीन) कप्तान रेवा ओगरे और उनकी टीम को जिला साहू संघ अध्यक्ष प्रवीण साहू व जनपद सदस्य प्रेमिन मिथलेश ध्रुव के सौजन्य से नकद राशि व ट्रॉफी प्रदान की गई। बासीन टीम ने बताया कि उनके 22 वर्षों के सतत अभ्यास का परिणाम है कि उन्होंने एक वर्ष के भीतर यह 24वीं चैंपियन ट्रॉफी जीती है। उपविजेता (तर्रा) कप्तान बिट्टू और उनकी टीम को ट्राफी एवं नकद राशि देकर सम्मानित किया गया। तीसरा व चौथा स्थान क्रमश नंदनी ढीढी एवं राजू साहू के सौजन्य से पुरस्कृत किया गया। व्यक्तिगत पुरस्कार मैन ऑफ द सीरीज- राहुल (खड़मा), बेस्ट बॉलर- जाहिर, मैन ऑफ द मैच- मनोज (बासीन)। कमारिन सुकमत बाई ने खिलाया 'करू कांदा', मुख्यमंत्री के लिए भेजी बांस की टोकरी समारोह के दौरान एक दिल छू लेने वाला दृश्य सामने आया जब स्थानीय कमार जनजाति की सुकमत बाई ने अपनी पैतृक परंपरा के अनुसार अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने अतिथियों को भेंट स्वरूप 'करू कांदा' खिलाया, जिसका अतिथियों ने बड़े चाव से आनंद लिया। साथ ही, उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के लिए अपने हाथों से बनी बांस की टैकरी झेझर भेंट स्वरूप भेजी।



तिमिरेंद्रु शेखर ने खिलाड़ियों को सराहा

**विकास कार्यों का मिला आश्वासन9** कार्यक्रम के दौरान ग्रामवासियों ने रंगमंच निर्माण, तालाब सौंदर्यीकरण, और टीन शेड युक्त सर्वसुविधायुक्त समरसता भवन की मांग रखी। मुख्य अतिथि तिमिरेंद्रु शेखर सिंह ने इन मांगों को मुख्यमंत्री तक पहुंचाकर जल्द पूरा कराने का आश्वासन दिया। मंच पर विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा मंडल अध्यक्ष (राजिम) रिकेश साहू, मनीष हरीत, आकाश पांडे, कोमल ढीढी, वीरेंद्र कुमार साहू, रूपनाथ बंजारे, डायमंड साहू, आकाश राजपूत, और पुनित ठाकुर सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। विवेकानंद युवा संगठन के अध्यक्ष राजेन्द्र यादव के नेतृत्व और जनपद सदस्य प्रतिनिधि मिथलेश ध्रुव के मार्गदर्शन में यह आयोजन सफल रहा। आयोजन समिति में उपाध्यक्ष गोपाल साहू, सचिव मिथलेश ध्रुव, कोषाध्यक्ष गैपी ध्रुव, छबी यादव, कमलेश, और उपसरपंच लेखराम साहू सहित समस्त ग्रामवासियों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन मिथलेश ध्रुव ने किया।



## बैडमिंटन में शिफा और बुर्शा की जोड़ी ने मारी बाजी, शतरंज में राजीव रहे प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

आईएसबीएम विश्वविद्यालय में वार्षिक खेल उत्सव -2025-26 का भव्य शुभारंभ उत्साह और उमंग के वातावरण में किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में शतरंज, कैरम, बैडमिंटन के साथ-साथ क्रिकेट प्रतियोगिता के परिणाम भी घोषित किए गए। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से खेल भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा का सुंदर प्रदर्शन देखने को मिला। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. शुभाशीष बिस्वास ने कहा कि खेल केवल शारीरिक विकास का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का महत्वपूर्ण साधन है। उन्होंने विद्यार्थियों को खेल गतिविधियों में नियमित भागीदारी के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि खेल जीवन में संतुलन और सकारात्मक दृष्टिकोण प्रदान करते हैं। खेल गतिविधियों के सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. विनय एम. अग्रवाल, कुलपति डॉ. आनंद महलवार तथा कुलसचिव डॉ. बी.पी. भोल ने शुभकामनाएं प्रेषित कीं। प्रतियोगिताओं के परिणाम इस प्रकार रहे शतरंज बालक वर्ग प्रथम राजीव कोसरिया बीएससी, चौथा सेमेस्टर, द्वितीय यश शर्मा बी फार्मा, आठवां सेमेस्टर, शतरंज बालिका वर्ग प्रथम बुर्शा खान एमबीए, चौथा सेमेस्टर, द्वितीय प्रतिमा ध्रुव पीजीडीएन योग

कैरम बालक वर्ग, प्रथम थालेश्वर बीएससी एवं



डेमन बीएससी, द्वितीय वैभांश बीएससी एवं वाहिद बीबीए, कैरम बालिका वर्ग प्रथम शशिमता ध्रुव बीसीए, छठवां सेमेस्टर एवं प्रतिमा ध्रुव पीजीडीएन योग, द्वितीय सुष्मिता बी फार्मा, छठवां सेमेस्टर एवं अलका ठाकुर बी फार्मा, छठवां सेमेस्टर, बैडमिंटन डबल्स बालिका वर्ग,

प्रथम शिफा सोलंकी एलएलबी, द्वितीय सेमेस्टर एवं बुर्शा खान एमबीए, चौथा सेमेस्टर, द्वितीय अंजलि ध्रुव बीसीए, छठवां सेमेस्टर एवं चांदनी यादव बीसीए, छठवां सेमेस्टर विश्वविद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी डॉ. अश्वनी कुमार साहू ने बताया कि खेल उत्सव के अंतर्गत आगामी दिनों में भी विभिन्न स्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी तथा विजेताओं को समापन समारोह में सम्मानित किया जाएगा। विद्यार्थियों में प्रतियोगिताओं को लेकर विशेष उत्साह देखा गया।

# कलेक्टर ने ली आकांक्षी ब्लॉक मैनपुर की समीक्षा बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर जनपद पंचायत क्षमता विकास भवन में गुरूवार को गरियाबंद जिले के कलेक्टर भगवान सिंह उइके एवं जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर ने संपूर्ण अभियान 2.0 के तहत आकांक्षी ब्लॉक मैनपुर की आवश्यक बैठक लिया जिसमें शिक्षा विभाग, बीआरसीसी, जनपद, आंगनबाड़ी, पर्यवेक्षक, पशु चिकित्सालय एवं परिक्षेत्र अधिकारी कर्मचारियों की बैठक लेकर उन्हे आवश्यक दिशा निर्देश दिया। कलेक्टर भगवान सिंह उइके ने संपूर्णता अभियान 2.0 का उद्देश्य आकांक्षी पर शत -प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति सुनिश्चित करना ताकि स्वास्थ्य, पोशण, शिक्षा, कृषि, महिला एवं बाल विकास एवं बुनियादी सुविधाओं के क्षेत्रों में समग्र विकास हो सके। सभी विभाग को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए जमीनी स्तर पर ठोस परिणाम लाने के निर्देश दिए। इस दौरान एक-एक करके सभी विभागों के कार्यों की समीक्षा किया गया साथ ही महिला बाल विकास विभाग आंगनबाड़ी, शौचालय, पेयजल की उपलब्ध की जानकारी लिया, शिक्षा विभाग के स्कूलों आहता, स्कूल जतन, योजना के तहत स्कूल भवनों और बालिका शौचालय तथा पानी की उपलब्धता को लेकर तत्काल रिपोर्ट देने को कहा है। पशुधन विभाग टीकाकरण के संबंध में आवश्यक जानकारी लेते हुए उन्हे निर्देशित किया है। इस मौके पर मैनपुर जनपद पंचायत के सीईओ डीएस नागवंशी, पंचायत इस्पेक्टर राजकुमार ध्रुवा, महिला बाल विकास अधिकारी श्री पाण्डेय, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी महेश पटेल, बीआरसीसी शिव नागे, आशीफ खान, लीलावती सेन, योगेश नायक, शारदा डहरिया, नाजिया हसन, पुष्पा ध्रुव, राजेश दौरा, रसीद खान, प्रदीप सिन्हा, भानुप्रताप सिंह राठौर, भुषण सिंह, खन्ना रामटेके, नरेन्द्र दीवान, हेमंत कुमार पटेल, धनेश्वर पटेल, दामोदर कश्यप, मुकेश ठाकुर, नीलम नागेश, बलिराम नेताम, दामोदर नेगी सहित बड़ी संख्या में विभिन्न विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# अकलवारा आयुर्वेद औषधालय को रायपुर संभाग में मिला तृतीय स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव (कोरासी)

गरियाबंद जिले के लिए यह अत्यंत गर्व एवं हर्ष का विषय है कि कायाकल्प आयुष 2024 के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर, शासकीय आयुर्वेद औषधालय अकलवारा (जिला गरियाबंद) को संभाग रायपुर स्तर पर तृतीय स्थान का प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त हुआ है। यह उपलब्धि आयुष विभाग द्वारा प्रदान की जा रही गुणवत्तापूर्ण, जनोन्मुखी एवं समग्र स्वास्थ्य सेवाओं की सशक्त पहचान है। उल्लेखनीय है कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर अकलवारा ने इससे पूर्व भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए वर्ष 2023 में कायाकल्प आयुष में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया था। इसके पश्चात दिल्ली से आई केंद्रीय मूल्यांकन टीम द्वारा निरीक्षण के दौरान औषधालय की स्वच्छता व्यवस्था, अभिलेख संधारण, रोगी सुविधाएँ, आयुर्वेदिक उपचार पद्धतियाँ, योग एवं जनजागरूकता गतिविधियों की खुले रूप में सराहना की गई थी। निरंतर गुणवत्ता एवं सुधार की यह प्रक्रिया वर्ष 2024 की इस उपलब्धि में स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। कायाकल्प आयुष 2024 के अंतर्गत यह सम्मान राजधानी रायपुर स्थित बेबीलोन कैपिटल में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में प्रदान किया गया। इस अवसर पर आयुष्मान आरोग्य मंदिर, शासकीय आयुर्वेद



औषधालय अकलवारा को 25,000/- (पच्चीस हजार रुपये) की पुरस्कार राशि का चेक, प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति-शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार माननीय स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल, स्वास्थ्य सचिव श्री अमित कटारिया, संचालक, आयुष श्रीमती शान्तन देवी जांगड़े एवं संयुक्त संचालक डॉ. सुनील दास के कर-कमलों द्वारा प्रदान किया गया। डॉ. प्रीति साहू की ओर से यह पुरस्कार डॉ. ऐश्वर्य साहू द्वारा प्राप्त करने का गौरव प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम में पुरस्कार प्राप्त करने हेतु प्रभारी जिला आयुष अधिकारी डॉ. संगीता कौशिक, आयुष्मान आरोग्य मंदिर अकलवारा के प्रभारी डॉ. ऐश्वर्य साहू, नोडल अधिकारी डॉ. काजल साहू, रूपसिंग नेताम (फार्मासिस्ट) एवं संतोष यादव (पीटीएस)

की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस उपलब्धि में तत्कालीन जिला आयुष अधिकारी डॉ. निकिता ध्रुव, वर्तमान जिला आयुष अधिकारी, गरियाबंद डॉ. प्रवीण चंद्राकर का मार्गदर्शन एवं सहयोग भी विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा। औषधालय स्तर पर कार्यरत टीम द्वारा नियमित ओपीडी सेवाएं, आयुर्वेदिक उपचार, योग अभ्यास, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों का प्रभावी संचालन, स्वच्छता एवं जनभागीदारी के माध्यम से यह सफलता प्राप्त की गई है। यह पुरस्कार इस बात का प्रमाण है कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर, अकलवारा में आयुर्वेद एवं योग आधारित समग्र स्वास्थ्य सेवाएँ न केवल जिले बल्कि संभाग स्तर पर भी सराहना प्राप्त कर रही हैं। आयुष विभाग, गरियाबंद भविष्य में भी जनस्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ करने हेतु प्रतिबद्ध है।

# फणीकेश्वरनाथ कॉलेज में विश्व आद्रभूमि दिवस का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

फणीकेश्वरनाथ शासकीय महाविद्यालय फिंगेश्वर में भूगोल परिषद द्वारा भूगोल विभाग के अंतर्गत विश्व आर्द्रभूमि दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आर्द्रभूमियों के महत्व, संरक्षण और पर्यावरण संतुलन में उनकी भूमिका के प्रति विद्यार्थियों में जागरूकता उत्पन्न करना था। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वतीक मां की पूजन से की गई, जिसमें प्रभारी प्राचार्य, शिक्षकगण और विद्यार्थियों ने सम्मिलित होकर मां सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्वलित किया और विद्या की आशीर्वाद प्राप्त की। इसके पश्चात कार्यक्रम में



कमलेश्वर प्रसाद निषाद ने आर्द्रभूमियों के संरक्षण और जन-जागरूकता की आवश्यकता पर अपने विचार साझा किए। डॉ. मोहन सिंह ने जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में आर्द्रभूमियों के योगदान पर प्रकाश डाला। ममता देवांगन ने आर्द्रभूमियों को भूमिगत जल के पुनर्भरण के लिए एक प्राकृतिक स्पंज के रूप में वर्णित किया। इस अवसर पर डॉ. भुलेश्वरी साहू और देवश्री कुर्रे की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का मंच संचालन एमए भूगोल द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थी इन्द्रजीत जांगड़े ने किया। भूगोल विभाग के विद्यार्थियों में कु. कुन्ती साहू, दुर्गा साहू और टोमेश्वरी साहू भी सक्रिय सहभागिता निभाते हुए आर्द्रभूमियों के संरक्षण एवं पर्यावरण जागरूकता पर अपने विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का आयोजन विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक रहा, जिससे पर्यावरण संरक्षण और शिक्षा के प्रति उनकी जागरूकता और उत्साह बढ़ा।

## आरटीआई की जानकारी में विरोधाभास जांच की मांग और शिकायत की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोरपा के तत्कालीन संस्था प्रभारी डॉ शारदा प्रसाद साहू पर डाटा हैडलर श्रीराम यादव द्वारा लगाये गये आरोप मामले मे सूचना का अधिकार अधिनियम से प्राप्त जानकारी और स्वास्थ्य विभाग के विभागीय पत्रों के बीच विरोधाभास सामने आया है। शिकायतकर्ता श्री राम यादव ने बताया कि लगभग 6 से 7 माह पूर्व तत्कालीन संस्था प्रभारी डॉ. शारदा प्रसाद साहू के विरूद्ध सेल्फ आहरण की राशि का विधिवत रिकॉर्ड नहीं रखने ,बिल वाउचर में स्टॉक पंजी संलग्न नही होने तथा ,चेक इश्यू रजिस्टर का संधारण नहीं किया गया,क्रय समिति से अनुमोदन लिए बिना भुगतान होने तथा नोटशीट के अनुमोदन के बिना चेक जारी करने सहित कई गंभीर वित्तीय व प्रशासनिक अनियमितताओं को लेकर स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल, स्वास्थ्य विभाग के सचिव, कलेक्टर, मिशन संचालक व उपसंचालक, सीएचएमओ रायपुर सहित अन्य उच्च अधिकारियों को लिखित शिकायत दी गई थी। शिकायत के बाद 6 मई 2025 को विभाग के तरफ से 3 सदस्य जांच टीम द्वारा खोरपा पीएचसी पहुंचकर जांच किया गया था , लंबे समय



बाद भी जांच रिपोर्ट नहीं मिलने पर शिकायतकर्ता ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रायपुर कार्यालय से सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत जानकारी मांगी गई, जिसमें विभाग की ओर से यह जवाब दिया गया कि विगत 2 वर्षों का ऑडिट नहीं होने के कारण जांच प्रक्रियाधीन है,हालांकि पूर्व मे आरटीआई के प्राप्त जानकारी अनुसार वित्तीय वर्ष 2020-21 से 2023-24 तक का ऑडिट पूर्ण किया जा चुका है, साथ ही सूचना के अधिकार के एक सत्याापित पत्र मे स्पष्ट हो चुका है कि पीएससी खोरपा मे वर्ष 2022-23(मार्च) से 2025-26(अगस्त) तक तत्कालीन संस्था प्रभारी डॉ शारदा प्रसाद साहू द्वारा सेल्फ आहरण की गई राशि से संबंधित किसी भी नोटशीट का विवरण उपलब्ध नहीं है,वहीं बिल वाउचर एवं अन्य अभिलेखों का रिकॉर्ड भी अधूरा पाया गया है। इन तथ्यों के सामने आने के बाद शिकायतकर्ता श्रीराम यादव ने कहा कि जब ऑडिट रिपोर्ट पहले से उपलब्ध है, तो जांच को ऑडिट के अभाव का हवाला देकर क्यों रोका या घुमाया जा रहा है।

पेज 9 के शेष...

### सोनकर समाज का...

रहेंगे। इस सामाजिक कार्यक्रम में सलाहकार तामेश्वर सोनकर , रोहित सोनकर, संतोष सोनकर, भगवान दास सोनकर, विधिक सलाहकार गजेंद्र सोनकर, कार्यालय मंत्री विजय सोनकर, श्रीरामजानकी विद्यालय के कार्यकारी अध्यक्ष कोमल सोनकर, कार्यकारी अध्यक्ष पवन सोनकर, छात्रावास के सचिव गज्जू सोनकर, युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सौरभ सोनकर, महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष यशोदा सोनकर एवं सभी राज अध्यक्षों कुल कुटुंबजनों की उपस्थिति में संपन्न होगा। कार्यकारी अध्यक्ष कोमल सोनकर ने बताया कि इस दौरान समाज के 20 लाख रुपए की लागत से बनने वाले नए भवन का भूमिपूजन होगा।कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ सोनकर समाज के सामाजिक दर्पण सोनकर संचेतना के 30वे संस्करण का विमोचन तथा समाज के प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। प्रारंभ में भगवान श्रीरामजानकी पूजा अर्चना कर कार्यक्रम होगा।

### सफाई व संक्रमण...

निदेशक सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इस उपलब्धि का श्रेय आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. शशिभूषण तिवारी के कुशल नेतृत्व एवं उनके सहयोगी देवकरण घिदौड़े,श्रीमति नेहा उपाध्याय एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अभनपुर की पूरी टीम के समर्पित प्रयासों को जाता है। पुरस्कार प्राप्ति पर डॉ. तिवारी ने सभी सहयोगी चिकित्सकों, स्वास्थ्य कर्मचारियों एवं विभागीय अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान आयुष अधिकारी रायपुर के मार्गदर्शन तथा टीमवर्क और निरंतर सुधार की भावना का परिणाम है।

### रामजानकी मानस...

सौप दी गई है जिसमें पूजा प्रतिनिधि प्रहलाद पटेल, मंदिर व्यवस्था कामता प्रसाद तिवारी, टंकेश्वर देवांगन, शिवप्रसाद यादव, मंत्री लखन तिवारी, टंकेश्वर देवांगन, कोषाध्यक्ष बिसेसर दीवान सहित समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य गण इस दिव्य आयोजन को भव्यता देने में लगे हुए हैं।

### पीएम के नेतृत्व में...

वृद्धि होगी। इस डील का सीधा लाभ देश के किसानों, एमएसएमई, उद्यमियों, स्टार्टअप्स और युवाओं को मिलेगा। टेक्सटाइल, मशीनरी, आटो पार्टस, सीफूड और हीरा-जवाहरत जैसे प्रमुख निर्यात क्षेत्रों को नई गति प्राप्त होगी। उत्पादन में वृद्धि, नवाचार को प्रोत्साहन और कौशल आधारित रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। अरेन्द्र पहाड़िया ने कहा कि यह ट्रेड डील निवेशकों के विश्वास को मजबूत करेगी, जिससे शेयर बाजार और भारतीय अर्थव्यवस्था को सकारात्मक दिशा मिलेगी। आत्मनिर्भर भारत की संकल्पना को सुदृढ़ करते हुए यह समझौता भारत को केवल वैश्विक बाजार का सहभागी ही नहीं बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था को दिशा देने वाला राष्ट्र बना रहा है। छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन के गरियाबंद जिला प्रमुख अरेन्द्र पहाड़िया ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हुए उन्हें अपनी बधाई एवं शुभकामना का पत्र लिखते हुए कहा कि देश को उनके नेतृत्व पर गर्व है और पूर्ण विश्वास है कि आत्मनिर्भर भारत की यात्रा और विकसित भारत के संकल्प को पूर्ण करते हुए भारत आने वाले समय में विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में निर्णायक भूमिका निभाएगा।

## खबर संक्षेप



### जामगांव स्कूल की 41 छात्राओं मिली साईकिल

**फिंगेश्वर।** शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल जामगांव में शासन की सरस्वती योजना के तहत गुरुवार को 41 बेटियों को साइकिल का वितरण किया गया जिसके चलते छात्राओं के चेहरे में हर्ष की लहर रही। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष यशवंत साहू सरपंच रेणुका डहरे, संस्था के प्राचार्य केआर निषाद, शाला प्रबंधन समिति के सभी सदस्यगण अरुण कुमार सिंन्हा पूर्व सरपंच, मिंन्जून साहू, मेवा लाल तारक, लालता ध्रुव, नेमीचंद साहू, थानू राम साहू, सुखीराम दीवान, शंभू साहू, हीरू डहरे, यशवंत दीवान, वरिष्ठ शिक्षक विद्या भूषण साहू, विनोद साहू, सहित शाला के शिक्षकगण, ग्रामीण जन एवं छात्राएं उपस्थित थी।

### दिव्यांग महिला को मिली ट्राईसाईकिल



**मुड़ागांव(कोरासी)।** गरियाबंद जिले के समाजसेवी मनोज पटेल ने एक बार फिर अपनी संवेदनशीलता और समाजसेवा की भावना का परिचय देते हुए सराहनीय कार्य किया है। उन्होंने ग्राम पंचायत अमेठी की दिव्यांग महिला घसनिन बाई कंवर को बैटरी संचालित ट्राईसाईकिल दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। घसनिन बाई कंवर दोनों पैरों से दिव्यांग हैं, जिसके कारण उन्हें रोजमर्रा के आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। बैटरी ट्राईसाईकिल प्राप्त करने के लिए उन्होंने कई बार प्रयास किए, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। इसी बीच उनकी मुलाकात समाजसेवी मनोज पटेल से हुई, जहाँ उन्होंने अपनी समस्या साझा की। समस्या की गंभीरता को समझते हुए मनोज पटेल ने तत्परता दिखाते हुए जनपद पंचायत छुरा के माध्यम से बैटरी ट्राईसाईकिल की व्यवस्था कराई। इस सहयोग से न केवल घसनिन बाई की दैनिक परेशानियाँ कम हुईं, बल्कि उनके चेहरे पर आत्मनिर्भरता और खुशी की नई मुस्कान भी देखने को मिली। मनोज पटेल का यह कार्य वास्तव में प्रेरणादायी है और समाज के लिए एक मिसाल प्रस्तुत करता है। मनोज पटेल, छत्तीसगढ़ शाकंभरी सेवा संस्थान के माध्यम से निरंतर समाजसेवा के कार्यों में सक्रिय रहते हैं। उनके ऐसे सेवा कार्य निस्संदेह अन्य लोगों को भी जरूरतमंदों की सहायता के लिए प्रेरित करते हैं।

### शिवजी प्रतिमा की स्थापना के लिए 7 को कलशयात्रा

**अभनपुर।** महेश नगर कॉलोनी अभनपुर मे शिवजी मूर्ति स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम 7 से 9 फरवरी तक रखा गया है। आयोजको ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ कलश यात्रा,वेदी पूजन के साथ होगा वही 8 को गर्भ निर्माण,पंच अधिवास तथा 9 फरवरी को प्राण प्रतिष्ठा पूजन,पूर्णाहुति यज्ञ व महाप्रसादी के साथ संपन्न होगा।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं अनुविभागीय दण्डाधिकारी मैनपुर, जिला गरियाबंद (छ.ग.)

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जलन्धर सिन्हा पिता श्री सनसाय सिन्हा निवासी डूमाघाट, तहसील अमलीपदर, जिला गरियाबंद (छ.ग.) के द्वारा पुत्र हरेकृष्णा पिता जलन्धर सिन्हा के आधार कार्ड में कृष्णा सिन्हा पिता जलन्धर सिन्हा दर्ज है, जिसका आधार कार्ड नंबर 785167099754 है। आधार कार्ड में आवेदक के पुत्र का नाम कृष्णा सिन्हा पिता जलन्धर सिन्हा के स्थान पर हरेकृष्णा (HAREKRISHNA) पिता जलन्धर सिन्हा (JALANDHAR SINHA) दर्ज किये जाने बाबत अन्य दस्तावेजों सहित इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो वे स्वयं या विधिक अधिकारिता रखने वाले अपने अभिभाषक (अधिवक्ता) के माध्यम से ईश्तहार प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिवस के पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुद्रा सहित जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
मैनपुर

**विडंबना : 500 साल तक जीवित रहने वाले यहां सरई वृक्ष से आधा दर्जन से ज्यादा वनोपज प्राप्त होते हैं**

# जिले में राजकीय वृक्ष पर अस्तित्व का खतरा अवैध कटाई के चलते खत्म हो रहे जंगल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद साल को राजकीय वृक्ष का दर्जा दिया गया लेकिन साल वन का क्षेत्रफल लगातार घटता जा रहा है जो कि क्षेत्र के जंगल में निवास करने वाले ग्रामीणों के लिए चिंता का विषय है। गरियाबंद जिले का घने जंगल को कभी साल का दीप कहा जाता था लेकिन अब धीरे-धीरे यहां साल का जंगल का दायरा घटता जा रहा है साल वृक्ष काफी महत्वपूर्ण वृक्ष माना जाता है क्योंकि जिस क्षेत्र में साल की जंगल होती है वहां मौसम ठंडकता रहता है साथ ही साल के जंगल वाले क्षेत्र में तापमान का पारा ज्यादा नहीं चढ़ता लगातार साल के जंगल कम होने के कारण अब वनांचल मैनपुर क्षेत्र में भी गर्मी कि दिनों में तापमान का पारा बढ़ जाता है पिछले वर्श मई में 44 डिग्री से ऊपर तापमान का पारा चढ़ चुका है जो यह बताने के लिए काफी है कि क्षेत्र में तेज गति से साल की जंगल की कटाई हो रही है। कहने को तो साल छत्तीसगढ़ का राजकीय वृक्ष है लेकिन साल वृक्ष की नर्सरी तैयार करने में मदद नहीं मिल पाई है साल को क्षेत्र में सरई भी कहा जाता यह जंगल में निवास करने वाले निवासियो के लिए पूजनीय वृक्ष माना जाता है क्योंकि आधा दर्जन से ज्यादा उत्पादन इसी एक पेड़ से मिलते हैं विडंबना ही है कि कूप की कटाई, वनों में अतिक्रमण व अवैध कटाई की वजह से साल के जंगल खत्म हो रहे हैं। साल नैसर्गिक रूप से उगने वाला पेड़ है बीते दो दशक में साल के लाखों पेड़ काटे जा चुके हैं इसके बदले में रोपण का प्रयास किया जा रहा है पर रोपण की सफलता की दर कम है साल का वैज्ञानिक नाम शोरिया रोबस्टा है यह डिप्टेरोकापैसी कुल का सदस्य है।





**अवैध कटाई और वन अधिकार पट्टा के लालच में हुआ साल जंगल का सर्वनाश**

गरियाबंद जिले के खासकर मैनपुर क्षेत्र को साल वनों का दीप कहा जाता था किन्तु अत्यधिक दोहन तथा वोट की राजनीति के चलते अधिकांर पट्टा के कारण साल के जंगल तेजी से सिमट रहे है अविभाजित मध्यप्रदेश के समय से यानि के पिछले 35 वर्षों से गरियाबंद जिले के मैनपुर क्षेत्रवासी साल अनुसंधान केन्द्र की मांग करते आ रहे है, किन्तु इस दिशा में प्रदेश की सरकारे उदासीन रही है, साल को छत्तीसगढ प्रदेश का राजवृक्ष घोशित किया गया है परन्तु साल के प्रति शासन स्वंय गंभीर नही है, कभी उदंती अभ्यारण्य के घने जंगल साल जंगल के नाम से जाना जाता था अब दूर- दूर तक सिर्फ ठुठ ही नजर आते है, सरकारी रिकार्ड के अनुसार साल के हजारों वृक्ष पिछले 10 वर्षों में काटे जा चुके है, लेकिन साल का संघन रोपण नहीं किया जार हा है, साल बहुलता के कारण क्षेत्र को साल जंगल का दीप कहा जाता था लेकिन वन भूमि पर अतिक्रमण करने और आर्थिक लाभ के लिए कुप कटाई करने विभाग ने ही साल को नहीं बख्शा, आंशंका व्यक्त की जा रही है कि साल की कटाई यदि ऐसे ही चलता रहा तो आने वाले कुछ वर्षों में साल का जंगल खत्म हो जायेगा, साल वृक्ष कटाई के लिए साल संवर्धन किया जाना आवश्यक है, छत्तीसगढ में साल अनुसंधान केन्द्र की स्थापना बिलासपुर में की गई है, गत दो दशकों में हजारों साल के वृक्ष कुप कुटाई के तहत काटे जा चुके है लेकिन विभाग के द्वारा भी साल के पौधे उस अनुपात पर नही रोपा गया है।

**500 वर्षों तक जीवीत रहने वाला वृक्ष साल-** करीब पांच सौ साल तक जीवित रहने वाला साल का वृक्ष वनवासियों की जिंदगी से जुड़ा है इससे इमारती व जलाऊ लकड़ी, साल का बीज, धूप, दोना-पत्तल बनाने के लिए उपयोगी पत्ते, दातून व कई तरह की औषधियां मिलती हैं साल वृक्ष के नीचे एक विशेष तरह का मशरूम मिलता है जिसे बोड़ा कहा जाता है इसकी सब्जी राजसी मानी जाती है यह इतना उपयोगी वृक्ष है कि जिस व्यक्ति की निजी भूमि पर यह होता है वह गौरवान्वित महसूस करता है।

**साल अनुसंधान केन्द्र खोलने की मांग-** क्षेत्र के पर्यावरण प्रेमी त्रिभुवन पटेल, थानुराम पटेल, ओमप्रकाश ने बताया कि साल का रोपण तो किया जा रहा है पर जितने कूप काटे जाते हैं उसकी तुलना में जंगल का उतना विकास नहीं हो पाता है उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोग वर्षोंर् से साल अनुसंधान केंद्र खोलने की मांग कर रहे हैं सरकार इस पर ध्यान नहीं देती साल को बचाने के लिए इसके बीजों को मिट्टी में दबाना जरूरी है साल बीज और कूप कटाई से होने वाली आय के लालच में जंगलों का अंधाधुंध दोहन किया जा रहा है।

**अवैध कटाई के कोई मामले नहीं-** वन विभाग के एसडीओ मनोज चंद्राकर ने कहा की अभी अवैध कटाई के कोई मामले नहीं है लेकिन पिछले कुछ वर्षों में वन अधिकार पट्टा वितरण किया गया है जिससे निश्चित रूप से जंगल में वृक्ष कटे होंगे। उन्होने आगे बताया की साल वृक्ष की नर्सरी तैयार करने विभाग द्वारा पूरा प्रयास किया जा रहा है।

## कचरे के ढेर और आवारा मवेशियों के बीच लगा धर्मस्व मंत्री का पोस्टर, व्यवस्था पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम





राजिम कुम्भ कल्प मेले के दौरान एक और चौंकाने वाली तस्वीर सामने आई है, जिसने प्रशासनिक संवेदनशीलता और अफसरो की मानसिकता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। संस्कृति, पर्यटन एवं धर्मस्व मंत्री राजेश अग्रवाल का बड़ा पोस्टर ऐसी जगह लगाया गया है, जहां चारों ओर कचरा, मलमा और लावारिस जानवरों का डेरा हमेशा रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस स्थान पर मंत्री जी का पोस्टर लगाया गया है, वह न तो साफ-सुथरा है, न ही गरिमामय। वहां कचरा फैला है, दुर्गंध उठती रहती है और आवारा पशु पूरे समय मंडराते रहते हैं। ऐसे स्थान पर किसी संवैधानिक पद पर आसीन मंत्री का यह पोस्टर लगाना सम्मान कम और प्रतीकात्मक उपेक्षा अधिक प्रतीत होता है। लोग खुलकर सवाल पूछ रहे हैं- आखिर यह पोस्टर यहां लगाकर क्या संदेश देना चाहा जा रहा है? क्या यह लापरवाही है, या फिर जिम्मेदारों की उदासीन सोच का नतीजा? स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि मंत्री का नाम और चेहरा प्रचार के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है, तो कम से कम स्थान की गरिमा और स्वच्छता का ध्यान रखना जिम्मेदारो की अहम जिम्मेदारी है। ऐसे गंदे और उपेक्षित स्थल पर पोस्टर लगाना न केवल मंत्री पद की गरिमा को ठेस पहुंचाता है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि आयोजन में दिखावे पर जोर है, व्यवस्था और सम्मान पर नहीं। यह मामला केवल एक पोस्टर तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरे आयोजन की अव्यवस्थित और असंवेदनशील कार्यशैली का प्रतीक बनता जा रहा है। जहां एक ओर मंचों पर संस्कृति और धर्म की बातें हो रही हैं, वहीं दूसरी ओर जमीनी हकीकत धूल, बदबू और अव्यवस्था से भरी पड़ी है। अब सवाल यह है कि क्या संबंधित विभाग इस पर संज्ञान लेगी? या फिर मंत्री के नाम का इस्तेमाल यूँ ही औपचारिकता निभाने तक सीमित रहेगा? राजिम की जनता साफ कह रही है- सम्मान पोस्टर लगाने से नहीं, व्यवस्था और संवेदनशीलता से दिखता है। जहां पोस्टर लगाया गया है वह रायपुर-राजिम नेशनल हाइवे पर रेल्वे क्रासिंग के पास है। यह तस्वीर गुरूवार सुबह 9:35 बजे ली गई है। जहां मवेशी डिवाइडर में बैठे नजर आ रहे है।

## रसेला में उपभोक्ताओं का सम्मान, 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति के संकल्प को सराहा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल के गठन का 25 वर्ष पूर्ण होने पर छत्तीसगढ़ राज्य रजत जयंती महोत्सव का आयोजन प्रदेश में किया जा रहा है। वहीं यह आयोजन रसेला सब डिवीजन अंतर्गत ग्राम पंचायत रसेला कार्यालय में 4 फ़रवरी को संपन्न हुआ। जहां आयोजन के मुख्य अतिथि जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर, अध्यक्षता सरपंच रूपादेवी ठाकुर, विशेष अतिथि के रूप में सरपंच हेमलता ध्रुव दादरगाव नया, विशिष्ट अतिथि उपसरपंच परमेश्वर यादव, ग्राम पटेल लोकराम यादव, ग्राम प्रमुख डी आर यादव, नंदूदास मानिकपुरी, ठाकुर राम यादव, कमलेश्वर नायक,लाईनमेन अंजोर नायक सहित ग्रामीण उपस्थित थे।रजत जयंती आयोजन में उपस्थित अतिथियों का पुष्प गुच्छ व गुलाल चंदन से स्वागत अभिनंदन हुआ। कनिष्ठ अभियंता चंचल नायक रसेला सब डिवीजन के प्रभारी ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं व कार्यां को विस्तार पूर्वक बताते हुए कहा कि उपभोक्ताओं की संतुष्टि ही हमारा लक्ष्य है। जो कि विभाग के द्वारा मोर बिजली एफ,ई-सम्पर्क सेवा, केंद्रीयकृत विधुत काल सेंटर,आफलाईन, आनलाइन सेवा भुगतान की सुविधा, ई-मेल सेवा के अलावा स्मार्ट उपभोक्ता का स्मार्ट मीटर एवं पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का क्षमता, केंद्र व राज्य की सब्सिडी आदि की जानकारी के साथ, विधुत विभाग के विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित होने की अपील भी किया। मुख्य अतिथि जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर ने विभाग से लेकर उपस्थित सभी को छत्तीसगढ़ राज्य रजत जयंती महोत्सव की बधाई प्रेषित करते हुए कहा कि विभाग की अथक परिश्रम, प्रयास, मेहनत का परिणाम है। आज पुरा क्षेत्र में 24 घण्टा विद्युत विभाग के विभिन्न सेवाओं से लोग लाभान्वित हो रहे हैं।

**उपभोक्ताओं का सम्मान**

इसी कड़ी में सरपंच रूपादेवी ठाकुर, हेमलता ध्रुव ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह एक ऐसा विभाग है जो सरकार के काम दिन रात करने में लगे रहते हैं। इन्हें छुट्टी भी नसीब नहीं है। क्योंकि इन्हें क्षेत्र में उपभोक्ताओं के प्रकाशमय जीवन की चिंता रहती है। उपसरपंच परमेश्वर यादव ने अपने संबोधन में कहा कि यह विभाग जिनका संबंध उपभोक्ताओं के साथ शरीर और आत्मा के जैसा है। विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों का जनता, किसान मजदूर, उपभोक्ताओं सहित प्रत्येक वर्गों के प्रति प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से जो सहयोग हो रहा है, वह प्रशंसनीय है। वहीं घरेलू उपभोक्ताओं के रूप में विगत दो वर्षों में नियमित (बिना बकाय राशि) विधुत देय का भुगतान किये, क्षेत्र के उन सभी उपभोक्ताओं को सम्मान स्वरूप, विधुत विभाग की ओर से प्रशस्ति पत्रों से सम्मान किया गया। इस मौके पर रमेश पैंकरा, सरिता ठाकुर, रजनी बाई यादव, सौरभ मरकाम, इकबाल खान,प्रित नेताम, संतोष कफील,नोमेश्वर नेताम, केशव नायक, लोमेश ध्रुव, पुखराज यादव, अशोक सेन, गंगा राम ठाकुर सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

## रसेला में अंडर-19 क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ



**रसेला।** ग्राम रसेला में 5 फरवरी को अंडर 19 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन शुरू हो गया है। इस टूर्नामेंट का उद्घाटन जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर, सरपंच रुपादेवी ठाकुर, उपसरपंच परमेश्वर यादव, ग्राम पटेल लोकराम यादव, नंदूदास मानिकपुरी, कमलेश्वर नायक, भूषण साहू, राघवेंद्र यादव, सरिता ठाकुर आदि ने पूजा अर्चना कर पीता काट कर किया गया। जनपद सदस्य, सरपंच ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि खेल शरीर को स्वस्थ और मन को प्रसन्न रखता है। आगे कहा कि क्रिकेट में करियर अच्छी संभावनाएं हैं। मेहनत करने वाले खिलाड़ियों को राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अवसर मिल सकते हैं। युवाओं से पढ़ाई और खेल में संतुलन बनाने की सलाह दी। इसी कड़ी में उपसरपंच, ग्राम पटेल ने कहा कि इस टूर्नामेंट का मुख्य उद्देश्य समाज के युवाओं को एक मंच देना और उनके अंदर छिपी खेल प्रतिभा को निखारना है। आगे कहा इस तरह के आयोजन समाज को जोड़ने का काम करते हैं, इससे सभी लोग एक साथ मिलते हैं और आपसी संबंध मजबूत होते हैं। युवाओं अमन यादव,चन्द्रहास सेन, भूपेंद्र,गौरव,भोले, कुणाल,शिवम ने कहना है कि हार जीत जीवन का हिस्सा है, लेकिन ऐसे खेल आयोजन समाज में खुशी और एकता लाते हैं, आज के मोबाइल और व्यस्त जीवन में लोग एक दूसरे को समय नहीं दे पाते, ऐसे में इस तरह के आयोजन मिलन और आनंद का अवसर बनते है। शुभारंभ मैच गुजरा और टेप्पापारा के बीच खेला गया जिसमें टेप्पापारा टास जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी और बेटिंग करते हुए गुजरा 5 ओवर में 2 विकेट खोकर 48 रन बनाए। बेटिंग करने उतरी टेप्पापारा के टीम 5 ओवर में 4 विकेट खोकर सिर्फ 35 रन ही बना सके। और 11 रन से गुजरा विजय हुआं। इस टूर्नामेंट में प्रथम पुरस्कार 7000 हजार रुपए सरपंच रूपादेवी ठाकुर के द्वारा वहीं द्वितीय पुरस्कार 3000 हजार रुपए जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर, तृतीय ईनाम 2000 हजार रुपए उपसरपंच परमेश्वर यादव, और चतुर्थ पुरस्कार 1000 हजार रुपए शिवशंकर जयसवाल मंडल अध्यक्ष व विशेष सहयोग ग्राम पटेल लोकराम यादव द्वारा प्रदान किया जाएगा। इस टूर्नामेंट का प्रवेश शुल्क 400 रूपए रखा गया है। यहां आयोजन 10 फरवरी तक चलेगा। इस टूर्नामेंट को सफल बनाने के लिए अंडर 19 क्रिकेट के सभी सदस्य जुटे हुए हैं।

## छुरा कॉलेज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



शासकीय महाविद्यालय में वार्षिक उत्सव खेल कूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम की अतिथि लोकेश्वरी निषाद अध्यक्ष नगर पंचायत अध्यक्ष अध्यक्षता सी के पटेल प्राचार्य विशिष्ट अतिथि बलराम पटेल सभापति, डीआर साहू, रागिनी ठाकुर सहायक प्राध्यापक थे अतिथियों द्वारा मां भारती की छायाचित पर पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वलित कर किया गया अतिथियों का स्वागत तिलक एवं बैच लगाकर किया गया स्वागत उद्बोधन डी आर साहू कीड़ा प्रभारी ने किया मुख्यतः कितने खिलाड़ियों को भी संबोधित किया खिलाड़ी खेल भावना से खेल खेले, खेल से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है खेल में भी अपना करियर बना सकते हैं। प्राचार्य ने महाविद्यालय के बारे में जानकारी दिया खेल भी जीवनका अंग है खेल से आप फिट रहते हैं तत्पश्चात अतिथियों द्वारा रिबन काटकर खिलाड़ियों को तिलक लगाकर परिचय प्राप्त कर खेल के लिए शुभकामनाएं प्रेषित किया कार्यक्रम का संचालन कु बालेश्वरी एवं चांदनी ने किया निर्णायक की भूमिका शीतल ध्रुव ,छतर ठाकुर का रहा। कार्यक्रम सफल बनाने में प्रोफेसरगण डॉ. सीपी सिंह, डीपी सिंह, डॉ. विनीत कुमार साहू, डिगेंद्र कुमार ध्रुव, मदन सोनी, वीरेंद्र नाग, मेनका ध्रुव, रंजना, नरसिंग सोम, कुमुदिनी साहू, प्रेरणा चंद्राकर, मोनिका मरकाम, तोषक साहू, संजीव माजरे, महाविद्यालय छात्र-छात्राएं स्टाफ उपस्थित थे।

## पुन्नी मेला की आजादी गुम, बाहरी हस्तक्षेप अफसरशाही से स्थानीयजन आक्रोशित

**राजिम।** कभी स्वच्छंदता, आस्था और लोकजीवन की पहचान रहा ऐतिहासिक माघी पुन्नी मेला अब अपनी आत्मा खोता नजर आ रहा है। राजिम के लोग आज भी उस पुराने जमाने को याद कर रहे हैं, जब बिना रोक-टोक लोग त्रिवेणी संगम की धार में उतरकर स्नान करते थे, नदी किनारे बेरोक-टोक घूमते थे और मेला जन-जन का उत्सव हुआ करता था। लेकिन आज हालात इसके ठीक उलट हैं। राजिम का मेला अब राजिम वासियों के लिए ही असहज बन गया है। बाहरी हस्तक्षेप, इवेंट संस्कृति और अफसरशाही के हावी होने से स्थानीय लोगों में जबरदस्त नाराजगी देखी जा रही है। मेला शहर से दूर नए मैदान में सिमटकर रह गया है, जिससे बुजुर्गों, महिलाओं और आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऊपर से जगह-जगह की गई बैरिकेटिंग ने मेले को एक खुला उत्सव नहीं, बल्कि किसी प्रतिबंधित आयोजन में तब्दील कर दिया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि सुरक्षा के नाम पर असंवेदनशील व्यवहार किया जा रहा है। श्रद्धालुओं और मेला घूमने आए नागरिकों को बार-बार टोका जा रहा है, रास्ते बदले जा रहे हैं, जिससे आस्था के इस पर्व में भय और असहजता का माहौल बन गया है। राजिम बस्ती के लोगों का साफ कहना है कि मेला अब अधिकारियों का आयोजन बनकर रह गया है, जबकि इसकी मूल आत्मा-लोक, परंपरा और आजादी-कहीं खो गई है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि जब यह मेला राजिम का है, तो स्थानीय नागरिकों की आवाज क्यों अनसुनी की जा रही है? माघी पुन्नी मेला सिर्फ एक इवेंट नहीं, बल्कि सदियों पुरानी परंपरा है। यदि इसे केवल बैरिकेड, पास और निर्देशो में कैद कर दिया गया, तो आने वाली पीढ़ियां इसे एक सरकारी आयोजन के रूप में ही याद करेंगी-लोकपर्व के रूप में नहीं। अब जरूरत है कि प्रशासन आत्ममंथन करे और मेले को फिर से लोगों का मेला बनाए, वरना यह असंतोष आने वाले दिनों में और गहराने से इंकार नहीं किया जा सकता।



## खबर संक्षेप

### स्वास्थ्य पंचायत सम्मेलन व जनसंवाद में आने का कलेक्टर को दिया निमंत्रण



**मैनपुर।** ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोशण समिति मैनपुर द्वारा 09 फरवरी सोमवार को मैनपुर में सुबह 11 बजे से दोपहर 4 बजे तक विकासखण्ड स्तरीय मितानिन स्वास्थ्य पंचायत सम्मेलन जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गरियाबंद कलेक्टर भगवान सिंह उइके को गुरुवार को निमंत्रण पत्र देकर आमंत्रित किया गया है। ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोशण समिति द्वारा हर वर्ष यह सम्मेलन का आयोजन किया जाता है जिसमें अधिकारी जनप्रतिनिधि ग्रामीण शामिल होते है और लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रयास किया जाता है।

### तहसील साहू संघ भवन के लिए 25 लाख रुपए स्वीकृत



**राजिम।** विधायक रोहित साहू ने तहसील साहू संघ राजिम के भवन निर्माण के लिए 25 लाख रूपए की स्वीकृति दी। विधायक श्री साहू के प्रति समाज के लोग जिसमें वार्ड नंबर 14 के सभापति कुलेश्वर साहू, भागवत साहू, लिकेश्वर साहू, ईश्वर साहू, देवेन्द्र साहू, झाडुराम ने बुके भेंटकर धन्यवाद ज्ञापित किया।

## निधन

### रनिया तिवारी

**मैनपुर।** मैनपुर विकासखण्ड के ग्राम गोहरापदर के वरिष्ठ नागरिक लोकतंत्र प्रहरी मीसाबंदी स्वर्गीय शिवनारायण तिवारी की धर्मपत्नि एवं जनपद पंचायत मैनपुर के पूर्व



उपाध्यक्ष रनिया तिवारी उम्र लगभग 75 वर्ष का गुरुवार सुबह 3 बजे निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया जिसमें गांव के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। वे रनिया तिवारी भाजपा के जिला उपाध्यक्ष गुरूनारायण तिवारी एवं हरिभूमि पत्रकार अनंतनारायण तिवारी की माता थी।

**राजिम कुंभ कल्प : मेले में ग्राहकों की संख्या बेहद कम, खिलौनों की बिक्री ठप**

# मध्य प्रदेश की कला और बस्तर के हुनर पर भारी पड़ रही इवेंट संस्कृति, मायूस लौट रहे व्यापारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम कुम्भ कल्प मेला इस बार सांस्कृतिक विविधता और बाहरी सहभागिता के लिहाज से खास नजर आ रहा है। मेले में मध्यप्रदेश का स्पष्ट दबदबा देखने को मिल रहा है। जबलपुर के प्रसिद्ध भेड़ाघाट से शिवलिंग, होशंगाबाद से रापा-गैती, कुदारी और लोहे से बने अनेको पारंपरिक व आकर्षक औजार आया हुआ है। वहीं उज्जैन से लकड़ी व मिट्टी के खिलौनों की दुकानें मेले की शोभा बढ़ा रही हैं। दूर-दराज से आए ये कारीगर और व्यापारी अपनी लोककला और हस्तशिल्प को लेकर राजिम पहुंचे जरूर हैं, लेकिन व्यापारिक हालात उन्हें गहरी निराशा में डाल रहे हैं। व्यापारियों का कहना है कि इस बार मेले में ग्राहकों की संख्या बेहद कम है और जो लोग आ भी रहे हैं, वे खरीदारी से परहेज कर रहे हैं। महोत्सव स्थल के नीचे अपनी दुकान लगाए जबलपुर भेड़ाघाट से आए शिवलिंग विक्रेता ने बताया कि राजिम कुम्भ की ख्याति सुनकर बड़ी उम्मीद के साथ यहाँ पहुंचे थे, लेकिन दिनभर दुकान पर बैठने के बावजूद बिक्री नाममात्र की हो पा रही है। वहीं मीना बाजार के पास दुकान लगाए होशंगाबाद से आए लोहे के औजार बेचने वाले कारीगरों का कहना है कि किराया और खाने का खर्च निकाल पाना भी मुश्किल हो गया है। कुलेश्वर मंदिर जाने के मार्ग पर दुकान लगाए उज्जैन से आए खिलौना व्यापारी ने बताया कि बच्चों और परिवारों की संख्या कम होने से खिलौनों की बिक्री लगभग ठप है। उन्होंने कहा कि इतने बड़े मेले में भी यदि खर्चा निकालना कठिन हो जाए, तो निराशा स्वाभाविक है। व्यापारियों का एक स्वर में कहना है कि मेला स्थल शहर से दूर होना, अपर्याप्त प्रचार-प्रसार, अव्यवस्थित मार्ग, बैरिकेटिंग और लोगों की कम आवाजाही व्यापार पर सीधा असर डाल रही है। वे मानते हैं कि यदि स्थानीय लोग और श्रद्धालु बड़ी संख्या में मेला स्थल तक नहीं पहुंच पा रहे, तो बाहरी व्यापारियों का नुकसान होना तय है। राजिम कुम्भ कल्प मेला केवल आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि देश के विभिन्न राज्यों की लोकसंस्कृति और पारंपरिक व्यापार का संगम भी है। ऐसे में यदि बाहरी कलाकार और व्यापारी हतोत्साहित होकर लौटते हैं, तो मेले की गरिमा और भविष्य दोनों पर सवाल खड़े होंगे। अब जरूरत है कि प्रशासन को व्यापारिक गतिविधियों को प्रोत्साहन देने, मेला स्थल तक सुगम पहुंच और प्रभावी प्रचार पर ध्यान दे, ताकि राजिम कुम्भ कल्प मेला सच मायनों में आस्था के साथ-साथ रोजगार और संस्कृति का भी महापर्व बन सके।







### राजिम कुम्भ कल्प मेले में स्थानीय आस्था बनाम इवेंट संस्कृति

राजिम कुम्भ कल्प मेले में इस बार सबसे बड़ा सवाल यही गूंज रहा है कि ये इवेंट क्या है? यही सवाल आज राजिम के गली-मुहल्लों, दुकानों, घाटों और मेला परिसर में चर्चा का विषय बना हुआ है। इवेंट के नाम पर की जा रही व्यवस्था ने स्थानीय लोगों में भारी रोष और असंतोष का माहौल पैदा कर दिया है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि राजिम का मेला कोई नया कार्यक्रम नहीं, बल्कि सदियों पुरानी आस्था, परंपरा और लोकजीवन का संगम रहा है। फिर अचानक इवेंट के नाम पर ऐसी व्यवस्था क्यों थोपी जा रही है, जिससे न तो स्थानीय लोगों की सहभागिता रह गई है और न ही परंपरागत स्वरूप? लोग सवाल उठा रहे हैं कि क्या कुम्भ कल्प मेला अब श्रद्धालुओं का नहीं, केवल एक आयोजन बन गया है? क्या मंचीय कार्यक्रम ही मेला हैं और घाट, बाजार, परिक्रमा, पूजा-पाठ सब गौण हो गए? स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों का आरोप है कि इवेंट आधारित व्यवस्था ने पूरे मेले को टुकड़ों में बांट दिया है। दुकानें अलग-अलग कोनों में, मंच अलग, श्रद्धालु अलग और प्रशासन पूरी तरह निर्देशात्मक भूमिका में। इसका नतीजा यह हुआ कि न तो श्रद्धालु सहज महसूस कर रहे हैं, न व्यापारी और न ही स्थानीय निवासी। सबसे अधिक नाराजगी इस बात को लेकर है कि स्थानीय लोगों को निर्णय प्रक्रिया से पूरी तरह बाहर कर दिया गया है।

### अलग-अलग कोनों में सिमटीं दुकानें

राजिम कुम्भ कल्प मेले में इस बार व्यापारिक गतिविधियां बिखरी हुई नजर आ रही हैं और इसका सीधा असर दुकानदारों की बिक्री पर पड़ रहा है। मेला अब एक समेकित उत्सव न रहकर अलग-अलग टुकड़ों में बंटता दिखाई दे रहा है, जहां दुकानें तो हैं, लेकिन ग्राहक नदारद हैं। महोत्सव स्थल से थोड़ा आगे बस्तर आर्ट की दुकानें लगी हुई हैं, जहां आदिवासी कला और हस्तशिल्प की सुंदर कृतियां सजी हैं, लेकिन ग्राहकों का घोर अभाव साफ तौर पर देखा जा सकता है। सबसे अधिक पीड़ा स्थानीय फूल विक्रेताओं को झेलनी पड़ रही है। स्थानीय फूल व्यवसायी कन्हैया साहू ने बताया कि पूर्व वर्षों में महोत्सव स्थल पर होने वाले कार्यक्रमों में फूलमाला, बुकें ,सजावट और अन्य पूजन सामग्री की लगातार मांग रहती थी, जिससे उनका रोजगार चलता था। उन्होंने कहा कि इस बार इवेंट आधारित व्यवस्था के चलते फूलों की सप्लाई कार्यक्रमों तक नहीं पहुंच पा रही है। हमारा सारा काम ठप हो गया है, व्यवसाय चौपट हो चुका है। स्थानीय व्यापारियों का आरोप है कि इवेंट संस्कृति और अव्यवस्थित मेला योजना के कारण परंपरागत मेले को धीरे-धीरे खत्म करने जैसा माहौल बनाया जा रहा है। न तो दुकानों की प्लानिंग एकसाथ की गई है, न ही ग्राहकों की सुगम आवाजाही पर ध्यान दिया गया है। राजिम कुम्भ कल्प मेला सिर्फ मंचीय कार्यक्रमों का आयोजन नहीं, बल्कि स्थानीय रोजगार, बाहरी कारीगरों और लोकसंस्कृति का साझा मंच रहा है। लेकिन वर्तमान हालात यह संकेत दे रहे हैं कि यदि व्यवस्था में जल्द सुधार नहीं हुआ, तो यह मेला आस्था और परंपरा से कटकर सिर्फ एक सीमित इवेंट बनकर रह जाएगा। अब सवाल यह है कि क्या प्रशासन स्थानीय और बाहरी व्यापारियों की इस पीड़ा पर ध्यान देगी, या यूँ ही राजिम का ऐतिहासिक मेला धीरे-धीरे सिमटता चला जाएगा।

# कन्या कॉलेज भवन निर्माण व जमीन आवंटन के लिए बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



जिला मुख्यालय में कन्या महाविद्यालय की स्वीकृति मिलने के बाद भवन निर्माण के लिए जमीन आबंटन को लेकर ग्राम पंचायत डोंगरीगाँव में स्थानीय ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और प्रबुद्ध नागरिकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में तहसीलदार चितेश देवांगन ने बताया कि ग्राम डोंगरीगाँव में लगभग 200 एकड़ घास जमीन उपलब्ध है, जिसमें से कन्या महाविद्यालय भवन निर्माण के लिए 10 एकड़ जमीन आबंटित करने का प्रस्ताव है। बैठक के दौरान कुछ ग्रामीणों ने निस्तारी जमीन कम होने की आशंका जताते हुए विरोध किया। इस पर तहसीलदार ने समझाइश देते हुए कहा कि शिक्षण संस्था बनने से क्षेत्र की बालिकाओं को शिक्षा की बेहतर सुविधा मिलेगी और स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने भी ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि किसी के साथ अन्याय नहीं होगा और क्षेत्र के विकास के लिए यह पहल महत्वपूर्ण है। बैठक में जनपद अध्यक्ष सोहन लाल ध्रुव, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष लेखराम साहू, नगरपालिका परिषद अध्यक्ष रिखीराम यादव, वरिष्ठ नागरिक मुरलीधर सिन्हा, अमित मिरी, पत्रकार महेन्द्र सहीस, पटवारी मनोज कुमार कंवर, मनोज खरे सहित अन्य लोगों ने ग्रामीणों से चर्चा कर सहमति बनाने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि जिला मुख्यालय को मिली यह सौगात जमीन नहीं मिलने पर अन्य स्थान पर स्थानांतरित हो सकती है, जो क्षेत्र के लिए नुकसानदायक होगा। इस अवसर पर सरपंच नगीता दीवान, उपसरपंच तिलोसरी सहीस, पंचगण सुमेरसिंग, किशोर ध्रुव, सरिता मंडले, पुष्पा ध्रुव, ललिता क्षत्रिय, ईश्वरी ध्रुव, कुमारी सोरी, दिनेश्वरी ध्रुव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# विधायक साहू ने जमीन पर बैठकर ग्रहण किया प्रसाद, श्रद्धालुओं को परोसा भोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



राजिम कुंभ कल्प मेले के दौरान राजिम भक्तिन मंदिर समिति द्वारा शुरू किया गया निःशुल्क भोग भंडारा श्रद्धालुओं के लिए आस्था के साथ सेवा का सशक्त उदाहरण बनकर सामने आया है। समिति द्वारा माघ पूर्णिमा भगवान श्री राजीव लोचन के जन्मदिन से शुरू किया गया यह भोग भंडारा महाशिवरात्रि तक लगातार चलेगा। जिसमें प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु भोजन प्रसादी ग्रहण कर रहे हैं। मेले में दूर-दराज से आने वाले साधु-संतों, श्रद्धालुओं और गरीब जरूरतमंदों के लिए यह भोग भंडारा राहत और सेवा का केंद्र बन गया है। दाल-चावल-सब्जी सहित सादा और सात्विक भोजन पूरी श्रद्धा के साथ परोसा जा रहा है। गुरुवार को भोग भंडारा कार्यक्रम में राजिम विधायक रोहित साहू स्वयं शामिल हुए और श्रद्धालुओं को भोजन प्रसादी परोसी। विधायक द्वारा जमीन पर उतरकर सेवा भाव से भोजन परोसने को लेकर श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों में विशेष संतोष और उत्साह देखने को मिला। लोगों ने इसे जनप्रतिनिधि की संवेदनशीलता और धार्मिक आस्था से जुड़ाव का प्रतीक बताया। इस पुनीत कार्य के पीछे राजिम भक्तिन मंदिर समिति के अध्यक्ष लाला साहू की महत्वपूर्ण भूमिका रही है जिनके नेतृत्व में समिति द्वारा किए गए इस निःस्वार्थ प्रयास की चारों ओर सराहना हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब आयोजन और व्यवस्थाओं को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं, ऐसे समय में यह भोग भंडारा मेले की सकारात्मक पहचान को मजबूत कर रहा है। श्रद्धालुओं का कहना है कि भोग भंडारा केवल भोजन नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और समानता का संदेश देता है, जहां बिना किसी भेदभाव के सभी को प्रसादी मिल रहा है। राजिम कुम्भ कल्प मेला जहां आस्था का केंद्र है, वहीं राजिम भक्तिन मंदिर समिति द्वारा संचालित यह निःशुल्क भोग भंडारा और उसमें विधायक रोहित साहू की सहभागिता मानवीय सेवा और धार्मिक परंपरा का सुंदर संगम बनकर सामने आया है। पांचवे दिवस विधायक रोहित साहू के अलावा पालिका अध्यक्ष महेश यादव, भुनेश्वर साहू, एसडीएम विशाल महाराणा, नायब तहसीलदार तरेंद्र ठाकुर, नगर साहू संघ राजिम के अध्यक्ष रामकुमार साहू, तहसील साहू संघ अभनपुर के अध्यक्ष तुलेश साहू, सरपंच संघ के अध्यक्ष हरीश साहू, किशन साहू, धीरज साहू, सभापति निर्मला साहू, जग्गू यादव, पुष्पा कंसारी, पार्षद भारत यादव, नम्मूनारायण ध्रुव, जीना निषाद, विधायक के पीए किशोर साहू, अभनपुर सरपंच संघ के पूर्व अध्यक्ष पारस ठाकुर, नवीन वर्मा ने भोजन प्रसादी वितरण में शामिल रहे। खास बात यह रहा कि गुरूवार को भजिया-कढ़ी, सेमी-भाटा, आलू-टमाटर की सब्जी, चटनी एवं अचार परोसा गया। विधायक रोहित साहू भी जमीन में बैठकर आम लोगों के साथ भोजन प्रसादी ग्रहण किया। मालूम हो कि भोजन प्रसादी प्रारंभ करने के पहले राजिम भक्तिन माता की पूजा आरती की गई जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

# जिले में विद्युत विभाग ने मनाया विकास का उत्सव, हितग्राहियों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद





छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 2026 के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, संभागीय कार्यालय एवं उपसंभाग गरियाबंद द्वारा 5 फरवरी 2026, गुरुवार को विद्युत विभाग परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रिखीराम यादव (अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद गरियाबंद) रहे तथा अध्यक्षता सोहन ध्रुव (अध्यक्ष, जनपद पंचायत गरियाबंद) ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में आसिफ मेमन, लेखराम साहू, बबिता सेन, भागीरथी मांझी सहित पार्षदगण एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना तथा राजकीय गीत अरपा पैरी के धार से की गई। प्रारंभ में कार्यपालन अभियंता हेमंत ठाकुर ने विद्युत विभाग के 25 वर्षों के सफर, विकास कार्यों और योजनाओं की जानकारी दी। इसके बाद प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के हितग्राहियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। साथ ही लगातार दो वर्षों से नियमित बिजली बिल जमा करने वाले उपभोक्ताओं का भी सम्मान किया गया।

मुख्य अतिथि रिखीराम यादव ने कहा कि गरियाबंद क्षेत्र में पिछले 25 वर्षों में विद्युत क्षेत्र में उल्लेखनीय विकास हुआ है तथा लोगों की मूलभूत सुविधाओं में बिजली की महत्वपूर्ण भूमिका है। सोहन ध्रुव ने विद्युत कर्मचारियों की 24 घंटे सेवा और कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए वर्तमान में निर्बाध विद्युत व्यवस्था के लिए विभागीय अधिकारियों के प्रयासों की प्रशंसा की। लेखराम साहू ने कहा कि आधुनिक जीवन में बिजली के बिना किसी भी सुविधा की कल्पना संभव नहीं है। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के हितग्राही बद्री प्रसाद देवांगन और लीलाम्बर सोम कोचवाय ने अपने अनुभव साझा करते हुए योजना से मिले लाभ और बिजली बिल में मिली राहत का उल्लेख किया तथा भविष्य के लिए सौर ऊर्जा को उपयोगी बताया। कार्यक्रम अधीक्षण अभियंता वायके मनहर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। मंच संचालन भोगेंद्र सिन्हा ने किया, जिसकी अतिथियों ने सराहना की। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, सरपंच, उपभोक्ता, हितग्राही, तकनीकी एवं कार्यालयीन कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# पाटसिवनी स्कूल के कर्मचारी लक्ष्मण को शाला परिवार ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव (कोरासी)



छुरा विकास खण्ड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाटसिवनी में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी लक्ष्मण नेताम के निधन हो जाने पर संस्था के प्राचार्य पीएल ध्रुव एवं समस्त कर्मचारियों के द्वारा भावपूर्ण श्रद्धाजलि दी गई। एवं शाला परिवार की ओर से दिवगंत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से दो मिनट प्रार्थना किया गया साथ ही इस दुःखद समय में परिवार को शक्ति और सांत्वना प्रदान करने की कामना की गई। और उनकी पत्नी को आर्थिक सहयोग के रूप में 20 हजार रुपए सांत्वना राशि दी गई। एचएसएस रानीपरतेवा के प्राचार्य एमआर खान द्वारा भी 1000 रुपए की आर्थिक सहयोग दिया गया। व्याख्याता डीके टंडन, एचआर गायकवाड, डीके डहरिया, आरपी माण्डले, वीणा प्रधान, लालजी भारती, हेमप्रभा वर्मा, बीएस सतपथी, डीएस गायकवाड, आरपी साहू, टीआर रावत, सी. श्रेय, नरेन्द्र साहू, मानसिंग द्वारा श्रद्धांजलि दी गई।

**रजनकटा स्कूल में आनंद मेला का हुआ आयोजन**

# आनंद मेला में बच्चों ने सीखे व्यापारिक गुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका






शासकीय उच्च प्राथमिक शाला रजनकटा में आनंद मेला का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्यअतिथि सरपंच ग्राम रजनकटा तेजकुवंर कंडरा, अध्यक्ष बी. देवांगन संकुल प्राचार्य अतरमरा, विशिष्ट अतिथि विनोद सिन्हा उत्कृष्ट संकुल समन्वयक, खेमेश्वरी साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, टिकेश्वरी निर्मलकर उपाध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, गीता यादव, किशन कंडरा, रेखराम साहू, ओमकार साहू ग्राम पटेल, भीखम निषाद, श्रवण साहू, प्रधान पाठक आरसी ध्रुव एवं धनेश्वरी मुरचुलिया, ने ज्ञान दायिनी मां सरस्वती के छाया चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया। बच्चों के द्वारा नृत्य के साथ सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया गया, अतिथियों का स्वागत गीत नृत्य के साथ प्रस्तुत किया गया। उत्कृष्ट संकुल प्राचार्य बी. देवांगन सर एवं उत्कृष्ट संकुल समन्वयक विनोद सिन्हा का सम्मान सरपंच तेजकुवंर कंडरा द्वारा शाल-श्रीफल भेंटकर किया गया। जिला प्रशासन द्वारा सम्मानित उत्कृष्ट संकुल समन्वयक विनोद सिन्हा एवं संकुल प्राचार्य बी. देवांगन सर का सम्मान संस्था के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए शिक्षक मानिक साहू ने बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह धीर सर द्वारा हमारे विद्यालय को सत्र 2024-25 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित करने की घोषणा संकुल स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह में कहा गया था। जिसे पूरा करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी के प्रतिनिधि के रूप संकुल प्राचार्य व संकुल समन्वयक के द्वारा शासकीय उच्च प्राथमिक शाला रजनकटा को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के आरसी ध्रुव, धनेश्वरी मुरचुलिया, नगमा खान, शैल नामदेव, गंगेश्वरी सिन्हा, गोदावरी साहू, ताम्रजध्वज साहू, मानिक साहू, नंदनी साहू, पवन लोहेस, लता साहू भारती पटेल, ऊषा साहू, लक्ष्मी कंडरा, केजाबाई यादव का विशेष सहयोग रहा। बच्चे अपने शाप के अलावा दूसरे के शाप में भी जाकर खरीदी करते नजर आए तथा पैसों के हिसाब किताब और सामान की देखरेख व्यापारी, बिजनेस आइडिया आदि सब एक साथ सीखने को मिली। स्कूल के सभी शिक्षक -शिक्षिकाएं सहयोग के लिए पूरे समय उनके साथ बने रहे। बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया अच्छे प्रदर्शन करने वाले सभी बच्चों को सम्मानित और पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में संकुल केन्द्र अतरमरा के सभी विद्यालयों के शिक्षकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन प्रधान पाठक आरसी ध्रुव द्वारा किया गया।

